संख्या- 95/2024/1671/छप्पन-2024-01/2016

प्रेषक,

अभिनव कुमार चौरसिया,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ, दिनांक: 28 अक्टूबर, 2024

विषयः जनपद अलीगढ़ ए0एफ0एस0 हवाई पट्टी से सम्बन्धित विद्युत् तंत्र के0वी0 एवं 11 एल0टी0 लाइन को शिफ्ट करने के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 110/आर0सी0एस0-2024-ए-4/2018 दिनांक 29.07.2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद अलीगढ़ में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत धनीपुर हवाई पट्टी के विस्तारीकरण हेतु ए0एफ0एस0 हवाई पट्टी से विद्युत् तंत्र 11 के0वी0 एवं एल0टी0 लाइन को शिफ्ट करने हेतु टीसी की धनराशि रू0 10,03,309.00/- (रूपए दस लाख तीन हजार तीन सौ नौ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति जारी कराए जाने पर निर्णय कराने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद अलीगढ़ में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत धनीपुर हवाई पट्टी के विस्तारीकरण हेतु ए0एफ0एस0 हवाई पट्टी से विद्युत् तंत्र 11 के0वी0 एवं एल0टी0 लाइन को शिफ्ट करने के सम्बन्ध में टीसी की धनराशि रू0 10,03,309.00/- (रूपया दस लाख तीन हजार तीन सौ नौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि रू0 10,03,309.00/- (रूपया दस लाख तीन हजार तीन सौ नौ मात्र) जिलाधिकारी, अलीगढ़ के निवर्तन पर रखे जाने हेतु अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा। निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा।
2. निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, नागरिक उड्डयन की होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3. निदेशक, नागरिक उड्डयन यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।
4. बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।
5. प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जायेगा।
6. निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।
7. निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
8. उक्त स्वीकृति धनराशि के आहरण एवं व्यय से सम्बन्धित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/ आदेशों/प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।
9. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।
10. निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय का विवरण यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।
11. वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा रही धनराशि के सापेक्ष यदि कोई बचत होती है, तो बचत की धनराशि जिलाधिकारी, अलीगढ़ द्वारा राजकोष में जमा कराई जाएगी।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 10,03,309.00/- (रूपया दस लाख तीन हजार तीन सौ नौ मात्र) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा तत्काल आवंटित कर जिलाधिकारी, अलीगढ़ के निर्वतन पर रखी जायेगी और जिलाधिकारी, अलीगढ़ द्वारा यथावश्यकता समय-समय पर सम्बन्धित पक्ष को नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

4- प्रश्नगत धनराशि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुदान संख्या-38 के अन्तर्गत पूंजी लेखा लेखा शीर्ष "5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-20-हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा भूमि अर्जन-24-वृहत् निर्माण कार्य से वहन की जाएगी।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या: ई-7-133/दस-2024-2025, दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या- 95/2024/1671(1)/छप्पन-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10 ।

3- आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।

4- जिलाधिकारी, अलीगढ़।

5- मुख्य अभियन्ता, नियन्त्रण एवं अनुश्रवण इकाई(वितरण), उ0प्र0, पावर कारपोरेशन लिमिटेड, चतुर्थ तल, शक्ति भवन, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।

6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/अलीगढ़।

7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-1/ ऊर्जा अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।

8- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।